Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/पनिका/2024– 331 दिनांक :23अप्रैल, 2024

आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24 की उत्तर पुस्तिकाओं की Weed Out प्रक्रिया नियमानुसार सम्पादित की जानी है। अतएव यदि कोई छात्र–छात्रा का जन सूचना अधिकार (R.T.I.) अधिनियम के माध्यम से अपनी उत्तर पुस्तिकाओं को देखना चाहते हैं अथवा मा0 न्यायालय में कोई प्रकरण उक्त उत्तर पुस्तिकाओं से सम्बन्धित लम्बित है, तो उसकी सूचना विलम्बतम दिनांक 26.04.2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि सम्बन्धित वांछित उत्तर पुस्तिकाओं को पृथक करते हुए संरक्षित किया जा सके।

प्रो0(विनीता यादव)
परीक्षा नियंत्रक

<u>पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः</u> उपरोक्त।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. कुलसचिव।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा)।
4. उप कुलसचिव (विधि) को इस आशय से कि ऐसे प्रकरण जो मा0 न्यायालय में लम्बित हो, की सूची तैयार करते हुए एजेन्सी के माध्यम से सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकाओं को पृथक करते हुए संरक्षित किया जाना सुनिश्चित करें।
5. उप कुलसचिव (सूचना) को इस आशय से कि ऐसे प्रकरण जो जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत उत्तर पुस्तिकाओं के सम्बन्ध में लम्बित हो, की सूची तैयार करते हुए एजेन्सी के माध्यम से सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकाओं को पृथक करते हुए संरक्षित किया जाना सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को समस्त महाविद्यालय की कालेज लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें एवं उप कुलसचिव (विधि) व उप कुलसचिव (जन सूचना) को यथावश्यक सहयोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

पताः सरस्वती हाई–टेक सिटी, नैनी, प्रयागराज–211010 (उ0प्र0)
Address : Sarswati Hi-Tech City, Naini, Prayagraj-211010 (U.P.)